आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 8(विविध)अकाद/आकाशि/परीक्षाअवकाश/2015–16/1018 दिनांकः 23 दिसम्बर, 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः आयोग द्वारा दिनांक 03.01.2020 से 13.01.2020 तक आयोजित प्राध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2018 हेतु महाविद्यालयों में शैक्षणिक अवकाश अवकाश घोषित किये जाने बाबत।

संदर्भः सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर का पत्र क्रमांक प.6(8) प.आ.'ख'/प्रा.मा.शि./2018–19/263 दिनांक 05.12.2019

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सदंर्भित पत्र के क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दिनांक 03.01.2020 से 13.01.2020 तक आयोजित प्राध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2018 राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों पर आयोजित कराई जा रही है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि प्राध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2018 के आयोजन हेतु राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों में स्थित जिन महाविद्यालयों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जाता है तो संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य इन परीक्षाओं को कराने में सहयोग प्रदान करेंगे। दिनांक 03.01.2020 से दिनांक 13.01.2020 को कार्य दिवस होने से परीक्षा कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने हेतु शैक्षणिक कार्य स्थगित रहेगा, परन्तु कार्यालय खुले रहेंगे व प्रशासनिक कार्य यथावत रूप से जारी रहेगा। महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मचारी भी उक्त दिवसों में महाविद्यालय में उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्य दिवसों में हुए शैक्षणिक कार्य के व्यवधानको प्राचार्य अतिरिक्त कक्षाएँ लगवाकर पूर्ति करना सुनिश्चित करें। दिनांक 05.01.2020 एवं 12.01.2020 को कार्य दिवस नहीं होने से प्राचार्य आवश्यकतानुसार शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों को ड्यूटी पर उपस्थित होने के निर्देश प्रदान करें।

भवदीय,

मेहरा 23/12/19

(डॉ. दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक(अकादमिक)

क्रमांकः एफ 8(विविध)अकाद/आकाशि/परीक्षाअवकाश/2015–16/1018 दिनांकः 23 दिसम्बर, 2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर का पत्र क्रमांक प.6(8) प.आ.'ख'/ प्रा.मा.शि./2018–19/263 दिनांक 05.12.2019 संदर्भ में।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय। कृपया आयुक्तालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का श्रम करें।

मेहरा 23/12/19

(डॉ. दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक(अकादमिक)